रामसर स्थल के टैग हेतु धनौरी का समर्थन

चर्चा में क्यों?

पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (Ministry of Environment Forest and Climate Change) ने उत्तर प्रदेश के वन विभाग से ग्रेटर नोएडा स्थित धनौरी (Dhanauri) को रामसर कन्वेंशन (Ramsar convention) के तहत अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की आर्द्रभूमि के रूप में प्रस्तावित करने के लिये कहा है।

- रामसर कन्वेंशन द्वारा यदि इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया जाता है तो धनौरी को भूमि उपयोग परिवर्तन के माध्यम से कानूनी संरक्षण प्राप्त होगा।

रामसर स्थल के रूप में धनौरी

- धनौरी सुभेद्य श्रेणी में आने वाले सारस क्रेन (Sarus Cranes) की एक बड़ी आबादी को आवास प्रदान करता है।
- यह आर्द्रभूमि, रामसर स्थल/साइट घोषित किये जाने के लिये आवश्यक नौ मानदंडों में से दो को पूरा करता है, ये दोनों मानदंड हैं:

1. यहाँ पाए जाने वाले सारस क्रेन की जैव-भौगोलिक आबादी 1% से अधिक है।

2. इस क्षेत्र में 20,000 से अधिक जलपक्षी और अन्य प्रकार की प्रजातियाँ पाई जाती हैं।

रामसर स्थल के रूप में नामित किये जाने के लिये मानदंड

किसी आर्द्रभूमि को अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की आर्द्रभूमि का दर्ज़ा दिया जाना चाहिये यदि-

1. यह एक उचित भौगोलिक क्षेत्र के भीतर पाए जाने वाले प्राकृतिक या निकट-प्राकृतिक प्रकार की आर्द्रभूमि का प्रतिनिधिक, दुर्लभ या अद्वितीय उदाहरण हो।

2. यह सुभेद्य (Vulnerable), लुप्तप्राय (Endangered) या गंभीर रूप से लुप्तप्राय (Critically Endangered) प्रजातियों या संकटापन्न पारिस्थितिक समुदायों का समर्थन करता हो।

3. यह किसी विशिष्ट जैव-भौगोलिक क्षेत्र की जैव-विविधता को बनाए रखने के लिये महत्त्वपूर्ण पौधों और/या पशु प्रजातियों की आबादी को अनुकूल परिस्थिति प्रदान करता है।

4. यह पौधों और जानवरों की प्रजातियों को उनके जीवन चक्र में एक महत्त्वपूर्ण स्तर पर समर्थन करता है या प्रतिकूल परिस्थितियों में उन्हें आश्रय प्रदान करता है।

5. यह नियमित रूप से 20,000 या अधिक जलपक्षियों (Waterbirds) को आश्रय प्रदान करता है।

6. यह नियमित रूप से जलपक्षियों की एक प्रजाति या उप-प्रजाति की आबादी के 1% से अधिक को संपोषित करता हो।

7. यह देशी मछलियों की उप-प्रजातियों, प्रजातियों या जातियों, जीवन-इतिहास के चरणों, प्रजातियों के बीच अंतर्संबंधों और/या आबादी के महत्त्वपूर्ण अनुपात का समर्थन करता है जो आर्द्रभूमियों के लाभों और/या मूल्यों के प्रतिनिधिक हैं और इस प्रकार यह वैश्विक जैव-विविधता में योगदान करता हो।

8. यह ऐसी आर्द्रभूमि हो जहाँ मछलियों के भोजन हेतु महत्त्वपूर्ण स्रोत, प्रजनन के लिये उपयुक्त स्थान, संवर्द्धन स्थल, आर्द्रभूमि के भीतर या किसी और स्थान पर मछलियों के प्रजनन हेतु आवश्यक या उपयुक्त प्रवास पथ हों।

9. यह किसी प्रजाति की आबादी के 1% हिस्से या आर्द्रभूमि पर निर्भर गैर-पक्षी वर्ग की किसी एक प्रजाति या उप-प्रजाति को नियमित रूप से आश्रय

प्रदान करता हो।

स्रोत : हिंदुस्तान टाइम्स

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-backs-dhanauri-for-ramsar-site-tag